कार्यालय नगर पालिका परिषद, सम्भल

अल्पकालीन निविदा सूचना

पत्र संख्याः–66 /स्वा0वि0/2024–25 दिनांकः–07/06/2024

नगर पालिका परिषद, सम्भल के स्वास्थ्य विभाग द्वारा राज्य वित्त/बोर्ड फण्ड से कार्य किया जाना है। वर्णित क्रम में कार्य को करने हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है। अनुभवी इच्छुक फर्म/ठेकेदार दिनांकः–13-06-2024 को समय अपराह्न 02:00 बजे तक निविदा क्रय कर सकते हैं। निविदायें निविदा बॉक्स में दिनांकः–14-06-2024 को समय अपराह्न 04:30 बजे तक डाली जायेगी। जो दिनांकः– 14-06-2024 को अपर जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी महोदय, स्थानीय निकाय, सम्भल के समक्ष सायं 05:00 बजे तक खोली जायेगी।

क्र0सं0	कार्य का विवरण	आगणन धनराशि (रू0में)	जमानत धनराशि 02 प्रतिशत	निविदा मूल्य जी.एस.टी. सहित	कार्य की अवधि
1	एण्टीलार्वा छिड़काव हेतु 40 नग स्प्रे मशीन की आपूर्ति का कार्य।	560,000	11,200	700	3 दिन

निविदा डालने की शर्तेः– निविदा के साथ निम्नलिखित पठनीय अभिलेख/प्रपत्र संलग्न करना अनिवार्य है। अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

1. निविदा मूल्य जमा करने का साक्ष्य।
2. जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र।
3. जिलाधिकारी द्वारा जारी हैसियत प्रमाण पत्र।
4. जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र।
5. ठेकेदार/फर्म/निविदादाता का पैन कार्ड, आधार कार्ड।
6. आगणन धनराशि का 02 प्रतिशत जमानत धनराशि निम्नलिखित विवरण के अनुसार जमा कर जमा करने की बैंक रसीद निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। जमानत धनराशि प्रत्येक निविदा की अलग–अलग जमा करनी होगी।

बैंक का नाम	खाता संख्या	आई.एफ.एस.सी. कोड
भारतीय स्टेट बैंक, सम्भल	39736436769	SBIN0000711

7. निविदादाता/ठेकेदार का 100 रूपये के स्टाम्प पर नोटरी शपथ पत्र इस आशय का प्रस्तुत करना होगा कि उसके विरूद्ध कोई आपराधिक मुकदमा पंजीकृत नहीं है तथा उसे किसी मा0 न्यायालय से दण्डित नहीं किया गया है।
8. 10 रूपये के स्टाम्प पर उपरोक्त (बिन्दु 01 से 07 तक) सभी तथ्य/अभिलेख सत्य होने सम्बन्धी नोटरी शपथ पत्र।

उपरोक्त बिन्दु संख्या 01 से लेकर बिन्दु संख्या 8 तक के सभी अभिलेख/प्रपत्र निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

निविदा की अन्य शर्तेः–

1. निविदा प्रपत्र में दरों का उल्लेख स्पष्ट रूप से करना अनिवार्य होगा।
2. निविदा के सीलबन्द लिफाफे पर कार्य/आपूर्ति का विवरण लिखना अनिवार्य होगा। इसके अलावा फर्म/ठेकेदार/निविदादाता का पत्राचार का पता, मोबाईल नम्बर, जी.एस.टी. नम्बर लिखना होगा।
3. अधूरी एवं सशर्त निविदा को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

4. कार्य का विवरण निविदा प्रपत्र में अंकित है, एवं शेष कोई भी जानकारी नगर पालिका के स्वास्थ्य विभाग में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है।

5. स्वास्थ्य विभाग के कार्यों में निविदा स्वीकृति उपरान्त अनुबन्ध से पूर्व पंजीकरण नगर पालिका में कराना अनिवार्य होगा।

6. विभागीय दरों से कम निविदा आने पर नियमानुसार परफॉरमेन्स गारन्टी ली जायेगी।

कार्य की शर्तेः–

1. निविदा स्वीकृति के उपरान्त अनुबन्ध से पूर्व शेष आगणन का 08 प्रतिशत धनराशि की एन.एस.सी./एफ. डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, सम्भल के पक्ष में बन्धक जमा करनी होगी।
2. जमानत धनराशि कार्य समाप्ति के एक वर्ष बाद वापिस होगी।
3. कार्य/आपूर्ति सन्तोषजनक न होने पर जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
4. जी.एस.टी./आयकर इत्यादि जमा करने की जिम्मेदारी नियमानुसार निविदादाता ठेकेदार की होगी।
5. कार्य/आपूर्ति से पूर्व सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म/निविदादाता को पालिका से निर्धारित स्टाम्प पर नियमानुसार अनुबन्ध करना होगा।
6. कार्य/आपूर्ति सन्तोषजनक/गुणवत्ता ठीक होने पर ही भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।
7. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।
8. न्यायिक क्षेत्र सम्भल होगा।
9. समय–समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों का शत प्रतिशत अनुपालन करना होगा।

अधिशसी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, सम्भल

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, सम्भल

प्रतिलिपिः–

1– संवाददाता .... को इस आशय से कि कृपया छोटे आकार में कम से कम व्यय पर एक बार निविदा का प्रकाशन करने का कष्ट करें।

2– कार्यालय जिलाधिकारी महोदय, सम्भल के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

3– कार्यालय उपजिलाधिकारी, सम्भल के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

4– कार्यालय तहसीलदार, सम्भल के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

5– कार्यालय नगर पालिका परिषद, सम्भल के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

6– नगर पालिका परिषद, सम्भल की वेबसाइट पर लोड करने हेतु।

प्रतिलिपिः–

1– अपर जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय सम्भल, उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, सम्भल की सेवा में सादर सूचनार्थ।

2– श्री............ एवं श्री.............. को इस निर्देश के साथ कि आप उक्त तिथियों में निविदा सेल करने एवं निविदा बॉक्स में निविदा डालने का कार्य क्रमशः उपजिलाधिकारी, कार्यालय सम्भल, एवं जिलाधिकारी कार्यालय सम्भल में करेंगे।

अधिशसी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, सम्भल

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, सम्भल